तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज **नवल बनाम ग्राम पंचायत विधाणी** **110 / 16 (आरसीएमएस नं. 016 / 00276)**	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
12.06.19	पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता प्रार्थी अनुपस्थित। प्रकरण में आवाज दिलवाई गई फिर भी प्रार्थी की ओर से कोई भी उपस्थित नही, प्रकरण में पुनः रूक रूककर आवाजें दिलवाई गई इसके उपरान्त भी प्रार्थी की ओर से कोई भी उपस्थिन नही है। पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रकरण वर्ष 2016 से विचाराधीन चल रहा है तथा अधिवक्ता प्रार्थी पूर्व में भी कई बार अनुपस्थित रहे है जिसके लिये उन्हे अंतिम अवसर भी दिया गया है उसके उपरान्त आज भी अधिवक्ता प्रार्थी अनुपस्थित है तथा प्रार्थी की ओर से अन्य कोई भी उपस्थित नही है। ऐसी स्थिति में प्रार्थी का प्रार्थना पत्र को खारिज किया जाना उचित प्रतीत होता है। अतः उपरोक्त विवेचन के आधार पर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र खारिज किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। तहत रिकार्ड वापस लौटाया जावें तथा पत्रावली बाद तकमील जाब्ता दाखिल दफ्तर हो। आदेश सुनाया गया। (के0सी0वर्मा) संभागीय आयुक्त, जयपुर।	